हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–288 : जौनपुर, शुक्रवार 25 फरवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## जिला जेल वाराणसी में बंदी की मौत के बाद भड़के कैदियों ने मचाया उत्पात : पहुंची कई थानों की फोर्स

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के चौकाघाट स्थित जिला जेल में शुक्रवार सुबह बंदी की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत होने की खबर से क्षुब्ध बंदियों और कैदियों ने जमकर बवाल किया। जेल में हंगामे की सूचना पर कई थानों की फोर्स पहुंच गई। जेल डीआईजी सहित तमाम बड़े अधिकारी जिला जेल पहुंचे। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। बंदियों द्वारा पथराव की खबर है। जेल अस्पताल के एम्बुलेंस समेत कई वाहनों में तोड़फोड़ की गई है। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। वाराणसी जिला जेल की चहारदीवारी के भीतर का माहौल अचानक अशांत हो उठा। बताया जा रहा है कि शुक्रवार तड़के बैरक नंबर तीन में रहने वाले बंदी राजेश जायसवाल को दिल का दौरा पड़ा था। 2020 में धोखाधड़ी मामले में चेतगंज थाने से जेल गया था। वह सिगरा क्षेत्र के बड़ी गैबी का रहने वाला था। जेल अस्पताल के डॉक्टरों की सलाह पर बंदी राजेश को इलाज के लिए कबीरचौरा अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सुरक्षाकर्मियों के साथ नोकझोंक और दुर्व्यवहार राजेश की मौत की सूचना पर जेल के अन्य बंदियों ने तोड़फोड़ शुरू कर दी। इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर कैदी जेल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। हंगामा कर रहे बंदियों को शांत कराने गए सुरक्षाकर्मियों के साथ नोकझोंक और दुर्व्यवहार के बाद आनन–फानन पगली घंटी बजाई गई। घंटी की आवाज सुनाई देते ही जेल कर्मियों और जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन–फानन कई थानों की फोर्स को जिला जेल भेजा गया। जेल पुलिस के साथ कई



वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे तब हालात काबू में आए। इसके चलते दो घंटे तक जिला जेल में अफरा–तफरी की स्थिति रही। हंगामा कर रहे बंदियों को अलग–अलग बैरकों में शिफ्ट कर उनकी निगहबानी बढ़ा दी गई है। साथ ही कैंट, सारनाथ और शिवपुर थाने को अलर्ट रहने के लिए कहा गया है। जिला जेल में हुए बंदियों के बवाल ने सेंट्रल जेल प्रशासन की नींद उड़ा दी है। अधिकारियों के साथ बी बंदीरक्षक भी अलर्ट मोड में आ गए हैं। अप्रैल 2016 में हुआ था भारी हंगामा यह कोई पहला मौका नहीं है जब वाराणसी जिला जेल में बंदियों ने उत्पात मचाया है। इसके पहले भी खाने की गुणवत्ता, कड़ाई कई अन्य मसलों को लेकर बंदियों ने हंगामा काटा है। वर्ष 2016 के अप्रैल माह में वाराणसी जिला कारागार में साढ़े सात घंटे तक बवाल हुआ था। जेल अधीक्षक को बंदियों ने कब्जे में लिया था। पथराव में कई सिपाही घायल हुए थे। कई वाहनों में आग लगा दी गई थी।

## दमदार सरकार चाहिए तो भाजपा को जिताइए –मुख्यमंत्री योगी

चित्रकूट ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यूपी के चित्रकूट जिले पहुंचे। सीएम ने चित्रकूट के राजापुर में रामायण शोध संस्थान और बलिमिक आश्रम में रोपवे बनाने की बात कही। सुरक्षा का मुद्दा उन्होंने उठाया और कहा कि सपा और बसपा डकैतों के साथ रहे हैं। आतंकवाद और दंगाई समर्थक ही सपा है। भाजपा यहां पर बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे एयरपोर्ट और डिफेन्स कॉरिडोर बना रही है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2017 के पहले बिजली वितरण में भेदभाव किया जाता था अब ऐसा नहीं होता है। होली और दिवाली में जरूरतमंदों को निशुल्क गैस सिलेंडर दिए जाएंगे। चित्रकूट और मानिकपुर दोनों सीटें भारतीय जनता पार्टी जीतेगी। प्रदेश में एक दमदार सरकार की जरूरत है। पहले की सरकारें सरकारी धन में डकैती करती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुलडोजर से



एक्सप्रेस–वे भी बनता है और माफियाओं को रगड़ने से सरकार चलाने के लिए पैसा भी आता है।

## वृंदावन के बांकेबिहारी मंदिर में सुरक्षाकर्मियों ने श्रद्धालु को पीटा : घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

मथुरा ब्यूरो : वृंदावन के ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में गुरुवार शाम को सुरक्षाकर्मियों और श्रद्धालुओं के बीच मारपीट हो गई। इससे मंदिर परिसर में अफरातफरी मच गई। इसके बाद सात–आठ सुरक्षाकर्मी एक श्रद्धालु को पकड़ कर मंदिर से बाहर ले आए और गली में उसको फिर पीटा। इस मामले में सुरक्षा इंचार्ज ने आरोपी सुरक्षाकर्मियों को नौकरी से निकाल दिया है। साथ ही आरोपी सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के मुताबिक ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में गुरुवार शाम को शयन भोग आरती के दौरान दर्शनार्थियों की भीड़ थी। इसी दौरान मारपीट की घटना हुई है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें मंदिर परिसर में कुछ सुरक्षाकर्मियों का एक दर्शनार्थी को पीटते हुए दिखाई दे रहे हैं। तभी दर्शनार्थी के साथी आ जाते हैं। इसके बाद दोनों ओर से मारपीट होने लगती है। सुरक्षाकर्मी एक श्रद्धालु को पकड़कर मंदिर से बाहर ले जाते हैं। गली में भी उसे पीटते हैं। हरियाणा का रहने वाला है पीड़ित श्रद्धालु बताया जा रहा है कि पीड़ित श्रद्धालु हरियाणा का रहने वाला है। पीटने



वाले सभी सुरक्षाकर्मी जीफोरएस कंपनी के हैं। सुरक्षा इंचार्ज देवेंद्र सिंह ने सीसीटीवी फुटेज से आरोपी सुरक्षाकर्मियों को चिन्हित किया है। आरोपी सुरक्षाकर्मियों के नाम पंकज, सुमित, देवेंद्र, मोहित, अजय, हेमराज सिंह, नहार सिंह, लोकेश कुमार हैं। इनके खिलाफ देवेंद्र सिंह ने थाने में तहरीर दी है। आरोपी सुरक्षाकर्मियों को नौकरी से निकाल दिया गया है।

## मतदाता जागरूकता रैली का हुआ आयोजन : समोधपुर और खुटहन पहुंची मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वाविद्यालय, जौनपुर की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य के निर्देश पर राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग द्वारा संचालित मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस आज गांधी स्मारक पीजी कालेज समोधपुर, जौनपुर पहुंची जहां इसका स्वागत प्राचार्य प्रोफेसर बी.के. निर्मल एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ राकेश कुमार यादव ने किया ।स्वयंसेवकों एवं छात्रों को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर बी.के. निर्मल ने कहा कि 07मार्च के चुनाव में आप सभी बढ़चढ़ कर प्रतिभाग करें और पहले मतदान फिर जलपान करें। प्राचार्य ने सभी छात्रों को मतदाता शपथ दिलाई ।इसके बाद स्वयंसेवकों ने जमौली दलित बस्ती में कार्यक्रम अधिकारी डॉ इन्द्र बहादुर सिंह एवं डॉ आलोक प्रताप सिंह के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकाली और घर–घर जाकर लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ रमेश चंद्र सिंह,डॉ रणजीत कुमार पांडेय, डॉ अरविंद कुमार सिंह, डॉ लक्ष्मण सिंह ,डॉ अवधेश कुमार मिश्र,डॉ वंदना तिवारी,डॉ पंकज सिंह, डॉ अविनाश वर्मा,डॉ लालमणि प्रजापति,डॉ. संदीप सिंह,डॉ सत्य प्रकाश सिंह,बिंद प्रताप सिंह,,अखिलेश सिंह, गंगा प्रसाद सिंह, पंकज ध



रुव,,राजेश, शिवमंगल आदि उपस्थित रहे। तत्पश्चात मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस राज गौरव महाविद्यालय खुटहन, जौनपुर पहुंची जहां इसका स्वागत डॉ ओमप्रकाश यादव,राम प्रसाद शर्मा, शरद कुमार यादव, अखिलेश चंद्र यादव,डॉ राजकेसर यादव ने किया ।इसके बाद सभी छात्रों एवं स्वयंसेवकों के साथ खुटहन बाजार में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई और लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

## मतदान के दिन ही मिट गयी निर्वाचन आयोग की अमिट स्याही

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ : लोकतांत्रिक चुनावों में दोबारा वोट डालने की धोखाधड़ी को रोकने के लिये वोट डालने के बाद मतदाता के बॉये हाथ की उॅगली पर अमिट स्याही का निशान लगा दिया जाता है। जो कई सप्ताह तक नहीं छूटता है। यह अमिट स्याही निर्वाचन आयोग ही उपलब्ध कराता है। राजधानी लखनऊ में चौथे चरण के मतदान में ऐसा एक मामला सामने आया है जिसमे कई मतदाताओं की अमिट स्याही अपने आप उसी दिन साफ हो गयी। 174 मध्य विधान सभा क्षेत्र लखनऊ में ऐशबाग मालवीय नगर स्थित प्राथमिक विद्यालय के बूथ संख्या दो में कई लोगों को मतदान की निशानी लगायी गयी। परन्तु शाम होते–होते अपने आप ही साफ हो गयी। सामान्य घटना नहीं है स्याही का छूटना– फोटो न छापने की शर्त पर मालवीय नगर निवासी सोनल बिन्द्रा ने बताया कि वे अपने पति अमित बिन्द्रा व ससुर सतीश बिन्द्रा के साथ मालवीय नगर के प्राथमिक विद्यालय में मतदान करने गयी थी। उन्होनें बताया कि शाम को ही सभी लोगों की उॅगली से निशान गायब हो चुके थे। वही पड़ोस मे रहने वाली नीलम ने भी उसी बूथ में मतदान किया था, उनका निशान भी गायब हो चुका था। ऐसा कई और लोगों के साथ भी हुआ। लोगों के अनुसार यह एक असाधारण घटना है। निर्वाचन में ऐसा नहीं होना चाहिये। यदि लोगों को पहले पता चल जाता तो वे निशान मिटाकर दोबारा वोट देने आ जाते। इससे निष्पक्ष मतदान की प्रक्रिया पर सवाल भी खड़े हो जाते। कई सप्ताह तक रहता है अमिट स्याही का निशान सामान्य निर्वाचनों



में दोबारा वोट डालने की धोखाधड़ी को रोकने के लिये अमिट स्याही को निर्वाचन आयोग ही उपलब्ध कराता है। इसका मुख्य घटक रसायन सिल्वर नाइट्रेट होता है। जो रोशनी से प्रतिक्रिया करके एक अमिट निशान बना देता है। यह निशान कई सप्ताह तक नहीं छूटता है। बताते चले कि मतदान की स्याही का निर्माण पूरे भारत में केवल कर्नाटक स्थित मैसूर पेण्ट एण्ड वार्निश के द्वारा ही किया जाता है। साउथ अफ्रीका सहित विश्व के कई देशों में इस स्याही का निर्यात किया जाता है। अमिट स्याही के निशान के इस तरह साफ होने की घटना असाधारण है। सरकार सहित निर्वाचन आयोग को इस पर गंभीरता से संज्ञान लेना चाहिये। साथ ही आगे के चरणों के चुनावों में अमिट स्याही की पूरी तरह से जॉच कर मतदान केन्द्रों को दी जानी चाहिये।

## रूस–यूक्रेन युद्ध भारत के व्यापार को प्रभावित करेगा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध से भारतीय अर्थव्यवस्था और व्यापार बुरी तरह प्रभावित होने की आशंका है, खास तौर पर तब जब भारतीय बाजार कोविड महामारी से उभरने का प्रयास कर रहा था ।युद्ध के कारण कच्चे तेल में अपेक्षित वृद्धि महंगाई को बढ़ावा देगा,जबकि सोने की कीमतों में अपेक्षित वृद्धि भी वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि का कारण बनेगी। दूसरी ओर, इस मौजूदा परिस्थितियों के परिदृश्य में, रुपया कमजोर होने की उम्मीद है जो निश्चित रूप से भारत के व्यापार संतुलन को प्रभावित करेगा कैट के प्रदेश चेयरमैन एवं उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध से उत्पन्न वर्तमान स्थिति का विश्लेषण करते हुए कहा कि चालू वर्ष में, भारत का कुल तेल आयात 25.8 प्रतिशत तक बढ़ गया है, जिससे तेल की कीमतों में लगातार वृद्धि हुई। थोक मूल्य सूचकांक में कच्चे तेल और संबद्ध उत्पादों की हिस्सेदारी 9: है। कच्चे तेल में वृद्धि से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में और मुद्रास्फीति बढ़ेगी जिससे समग्र रूप से सभी वस्तुओं के दाम में वृद्धि होने की आशंका है ।माल की विनिर्माण और परिवहन लागत अधिक महंगी हो जाएगी। कच्चे तेल का इस्तेमाल , प्लास्टिक, फार्मास्यूटिकल्स, मशीनरी, पेंट और कई अन्य वस्तुओं आदि के निर्माण में किया जाता है जो कीमतों को और बढ़ाने का कारक बनेगा। कच्चे तेल के अलावा, भारत दवा कच्चे माल, सूरजमुखी, जैविक रसायन, प्लास्टिक, लोहा और इस्पात आदि का यूक्रेन से आयात करता है जबकि भारत फल, चाय, कॉफी, दवा उत्पाद, मसाले, तिलहन, मशीनरी और मशीनरी सामान आदि का निर्यात करता है ।दूसरी ओर, रूस भारत के साथ व्यापार में 25 वां सबसे बड़ा भागीदार है, रूस को 2.5 बिलियन डॉलर का निर्यात किया जाता है और रूस से +6.9 बिलियन डॉलर का आयात करता है व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कहा कि भारत के व्यापारी सामान्य तौर पर यूक्रेन के आपूर्तिकर्ताओं को अग्रिम भुगतान करते है, जो अब अनिश्चितकालीन के लिए फंसने की उम्मीद है ।यूक्रेन से आने वाले शिपमेंट यदि फंस जाते हैं तो होना चाहिए निश्चित रूप से इसका भारतीय व्यापारियों को नुकसान होगा। . डॉलर की कीमतों में अपेक्षित वृद्धि अन्य देशों के साथ व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगी क्योंकि भारतीय व्यापारियों को शिपमेंट के समय प्रचलित कीमत का भुगतान करने के लिए मजबूर किया जाएगा। सोने की कीमतों में बढ़ोतरी घरेलू बाजार को और प्रभावित करेगी। भारत का समग्र व्यापार भविष्य में अस्थिर होने की उम्मीद है। देश का व्यापारिक समुदाय मौजूदा संकट के समय मे सरकार के साथ एकजुटता से खड़ा है और देश में वित्तीय स्थिरता बनाए रखने के लिए सरकार द्वारा उठाए जाने वाले किसी भी कदम का समर्थन करेगा। कैट एवं उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने केंद्र सरकार से रूस और यूक्रेन के बीच मौजूदा युद्ध पर नजर रखते हुए देश में व्यापार और वाणिज्य के लिए कुछ सहायक उपायों की घोषणा करने का आग्रह किया है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## यूक्रेन में फंसे हैं जौनपुर के सात विद्यार्थी : परिजन हो रहे हैं परेशान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रूस–यूक्रेन युद्ध के बीच कई भारतीय छात्र यूक्रेन में फंस गए हैं। इसमें जनपद से सात विद्यार्थियों का नाम सामने आ रहा है। इनके परिवार के लोग परेशान हैं। वह वहां के हर हालात पर नजर लगाए हुए हैं। अपने बच्चों से फोन पर बातचीत कर हालात की जानकारी ले रहे हैं। सभी ने सरकार से उन्हें वापस लाने की गुहार लगाई है। खेतासराय के शाहापुर गांव निवासी डॉक्टर गजेंद्र पांडेय की पुत्री गरिमा पांडेय यूक्रेन के डेनिप्रो यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस चतुर्थ वर्ष की छात्रा है। पिता ने बताया कि गरिमा ने तीन मार्च को भारत आने का टिकट कराया था। लेकिन, बृहस्पतिवार की सुबह 8 बजे बात हुई तो पता चला की रूस ने यूक्रेन पर हमला कर दिया। इस कारण ज्यादातर एयरपोर्ट बंद कर दिए गए हैं। पिता गजेंद्र पांडेय ने भारत सरकार से बेटी समेत अन्य भारतीय छात्र–छात्राओं को सुरक्षित लाने की मांग की है। गरिमा ने अपने पिता को बताया कि हमें अपने कमरे में ही रहने और दूतावास से संपर्क में रहने को कहा गया है। एटीएम और खाने पीने की सामग्री की दुकानों पर मारामारी की स्थिति है। उसने बताया कि उसके अलावा लाइन बाजार इलाके के आयुष कुमार और शाहगंज के विनय कुमार भी हैं। हालांकि इस समय उसकी उनसे संपर्क नहीं है। वहीं, शहर कोतवाली क्षेत्र के ताड़तड़ा निवासी संजय वर्मा का बेटा निखिल वर्मा भी यूक्रेन में फंसा है। निखिल के बड़े पिता सुशील कुमार स्वामी ने बताया कि निखिल वहां एमबीबीएस चुतर्थ वर्ष का छात्र है। शाम को चार बजे परिवार के लोगों की निखिल से बात हुई। वह बता रहा था कि एटीएम से रुपये नहीं निकाल पा रहा है। वहीं, जफराबाद थाना क्षेत्र के नाथूपुर अहमदपुर निवासी डा. वीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि उनका बेटा सौरभ कुमार यादव यूक्रेन के बीनिशिया शहर में फंसा है। वहां बीनिशीय मेडिकल यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस के प्रथम वर्ष का छात्र है। 27 फरवरी को वापस भारत आने का टिकट था, लेकिन युद्ध संकट को देखते हुए वहां की सरकार ने टिकट कैंसिल करने करने का आदेश दे दिया है। फोन पर हुई बातचीत के दौरान सौरभ ने बताया कि यूक्रेन के क्यू शहर में हमला हुआ है, जो हमारी यूनिवर्सिटी से 300 किलोमीटर दूर है। यहां अभी किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं है। खाने–पीने की सामग्री खरीदने में कुछ समस्या हो रही है। बताया कि भदोही की भी एक छात्रा यही फंसी हुई है, जो हमारे साथ ही भारत आने वाली थी। खुटहन थाना क्षेत्र के शहब्दीपुर गांव निवासी अंकेश यादव पुत्र कृष्ण कुमार और उज्जवल यादव पुत्र उमेश चंद्र यादव दोनों चचेरे भाई हैं। यूक्रेन में रहकर दोनों एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं। दोनों भाई बीते 25 सितंबर को घर आये थे। यहां से पुनः 31 सितंबर को यूक्रेन चले गए। स्वजनों ने बताया कि वहां की बोगोमलेश नेशनल मेडिकल युनिवर्सिटी में वे चतुर्थ सेमेस्टर की तैयारी कर रहे हैं। उमेश चंद्र ने बताया कि फोन से बात हुई है। छात्रों ने बताया कि अभी आमआवाम को खतरा नहीं है हम लोग सुरक्षित हैं।

## छः माह के दूध मुहें बेटे के साथ चुनावी मैदान में उतरी डा. अनामिका सिंह

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता)जिले के बीकापुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉ अमित सिंह चौहान की पत्नी डा. अनामिका सिंह अपने दूध मुंहे बच्चे दर्श सिंह चौहान को लेकर चुनावी मैदान में उतर गई हैं, वह अपने पति अमित सिंह चौहान की जीत के लिए सघन जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है ।शही इसी कड़ी में डॉ. अनामिका सिंह बीकापुर विधानसभा क्षेत्र के भदरसा कस्बे में पहुंचकर सैकड़ो की संख्या में मौजूद महिलाओं के बीच दुरदुरिया कार्यक्रम किया, धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम के अंतर्गत उन्होंने महिलाओं के बीच दुरदुरिया कार्यक्रम किया और अवसान माई का नाम लेकर अपने पति श्री सिंह चौहान को जिताने की अपील की ।इस दौरान उन्होंने कहा सबका साथ सबका विकास का नारा लेकर चलने वाली भाजपा सरकार में सर्व समाज का हित सुरक्षित है,उन्होंने दर्जनों गांवों की महिलाओं और पुरुषों से अपने पति को जिताने के लिए पुरजोर अपील करते हुए जीत का आशीर्वाद लिया,इस दौरान उनके साथ जिला पंचायत सदस्य सोनाली रावत भी मौजूद रही।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

आवाज से आवाज नहीं मिटती, चुप्पी से मिटती है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

OM SHANTI

# थाना खेतासराय पुलिस ने चोरी के सामान के साथ तीन शातिर अभियुक्ता को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिनांक 24.02.22 को श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एंव श्रीमान क्षेत्राधिकारी शाहगंज व थानाध्यक्ष थाना खेतासराय जौनपुर के कुशल पर्यवेक्षण में उ0नि0 राजेश कुमार मिश्र मय हमराह का0 छठठू यादव, म0कां0अंतिमा सिंह म0कां0 बिंदु के साथ देखभाल क्षेत्र में मामूर थे कि मुखबिर खास द्वारा सूचना दिया कि जो दिनांक 23/02/2022 को जैगहा बाजार में सनी बरतन स्टोर से गिलास की चोरी हुई है आज चोरी का माल लेकर जौनपुर बेचने जा रही है यदि जल्दी किया जाय तो पकडी जा सकती है इस सूचना पर उ0नि राजेश कुमार मिश्र मय हमराह पुलिस बल के गोरारी बाजार के पास से मुखबिर के निशानदेही पर 3 महिलाओं को कुछ सामान के साथ पकड लिया गया । पकड़ी गयी महिलाओं से नाम पता पूछा गया तो पहले ने अपना नाम सीता उर्फ गीता पत्नी चंदन कुमार राजभर निवासी जमालपुर (जगदीशपुर) थाना अखंड नगर जनपद सुल्तानपुर व दूसरे ने अपना नाम सुदामा देवी उर्फ विपता पत्नी रामअचल राजभर उर्फ जोखन निवासी जमालपुर (जगदीशपुर )थाना अखंड नगर जनपद सुल्तानपुर एवं तीसरे ने अपना नाम कौशल्या देवी पत्नी पति राज राजभर निवासी मजूरिया थाना शाहगंज जनपद जौनपुर जिनकी जामा तलाशी से चोरी की 23 गिलास पीतल धातु का बरामद हुआ। उक्त के सम्बन्ध में पूर्व में




थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0– 33/2022 धारा 379 भादवि पंजीकृत है । नियमानुसार कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार अभियुक्ता का विवरण– 1– सीता उर्फ गीता पत्नी चंदन राजभर निवासी जमालपुर (जगदीशपुर) थाना अखंड नगर जनपद सुल्तानपुर । 2. सुदामा देवी उर्फ विपता पत्नी रामअचल राजभर उर्फ जोखन निवासी जमालपुर (जगदीशपुर) थाना अखंड नगर जनपद सुल्तानपुर 3. कौशल्या देवी पत्नी पति राज राजभर निवासी मजूरिया थाना शाहगंज जनपद जौनपुर बरामदगी का विवरण– 1–23 गिलास पीली धातु आपराधिक इतिहासः– 1–मु0अ0सं0 33/2022 धारा 379 411 भा0 द0 वि0 थाना खेतासराय जनपद जौनपुर गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम –1. उप निरीक्षक राजेश कुमार मिश्र , कांस्टेबल छठठू यादव ,म0 कां0 अंतिमा सिंह ,म0कां0 बिंदु थाना खेतासराय जनपद जौनपुर।

# थाना मछलीशहर पुलिस द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर, द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये गये सघन अभियान व आगामी विधानसभा चुनाव 2022 के शांति व्यवस्था के क्रम मे श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के कुशल निर्देशन तथा श्रीमान क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के तथा प्रभारी निरीक्षक मछलीशहर श्री अवनीश कुमार राय कुशल पर्यवेक्षण में थाना मछलीशहर पुलिस के द्वारा रात्रिगश्त देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध वाहनों / व्यक्तियों के दौरान एक मो0सा0 सवार मछलीशहर कस्बा सुजानगंज तिराहे पर आता दिखायी दिया कि पुलिस वालों की जीप को देखकर अचानक मुड़कर भागना चाहा, जिसका पीछा कर सुजानगंज तिराहे पर पकड़ लिया गया । पूछताछ करने पर अपना नाम अरविन्द कुमार उर्फ अरविन्द रावण पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी गोपालपुर थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर बताया तथा खुद के पास चोरी की मो0सा0 होना बताया । जिसे ईचालान ऐप से देखा गया तथा पता लगाया गया तो ज्ञात हुआ कि उक्त मो0सा0 की चोरी के सम्बन्ध में थाना रोहनिया जनपद वाराणसी में मु0अ0सं0 181/21 धारा 279 IPC बनाम अज्ञात पंजीकृत है । पकड़े गए अरविन्द कुमार उर्फ अरविन्द रावण को जुर्म धारा 411/414 भा.द.वि. का बोध कराकर समय 04.05 बजे भोर हिरासत पुलिस लिया गया । उक्त चोरी की मो0सा0 बरामदगी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 64/22 धारा 411, 414 IPC बनाम अरविन्द कुमार उर्फ अरविन्द रावण पंजीकृत कर बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्याया0 के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण– 1. अरविन्द कुमार उर्फ अरविन्द रावण पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी गोपालपुर थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर। पंजीकृत अभियोग– 1. मु0अ0सं0 64/22 धारा 411, 414 प्छब् बरामदगी का विवरण– 1. चोरी की एक अपाचे मो0सा0 नं0 UP65CU2838 जिसकी चोरी के सम्बन्ध में थाना रोहनिया जनपद वाराणसी में मु0अ0सं0 181/21 धारा 379 IPC बनाम अज्ञात पंजीकृत है। गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1. उ0नि0 श्री धनन्जय कुमार राय, उ0नि0 श्री अखिलेश कु0 यादव, हे0का0 बृजनाथ यादव, हे0का0 वेद प्रकाश यादव, कां0 अंशुमान यादव, थाना मछलीशहर जौनपुर।

# थाना रामपुर पुलिस ने 42 शीशी अवैध शराब के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के अपराध एवं अपराधियों पर नियन्त्रण के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष रामपुर ओमनारायण सिंह के कुशल नेतृत्व में संजय नगर के पास में संदिग्ध व्यक्तियो व संदिग्ध वाहन की चौकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति जो गन्धौनां की तरफ से आ रहा था जो पुलिस को देखकर भागने लगा । आवश्यक पुलिस बल का प्रयोग करते हुये संदिग्ध व्यक्ति को पकड लिया गया । पकडे गये अभियुक्त विरेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 शंकर राम निवासी गन्धौना मधुपट्टी थाना रामपुर जौनपुर के पास से 42 शीशी नाजायज शराब बरामद हुआ । पकडे गये अभियुक्त विरेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 शंकर राम को हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 26/22 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया । अभियुक्त की आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही हैं । गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण– 1. विरेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 शंकर राम निवासी गन्धौना मधुपट्टी थाना रामपुर जौनपुर। बरामदगी का विवरण–




1. 42 शीशी देशी नाजायज शराब। पंजीकृत मुकदमा– 1. मु0अ0सं0 26/22 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना रामपुर जौनपुर। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1. थानाध्यक्ष श्री ओमनारायण सिंह थाना रामपुर जनपद जौनपुर । 2. उ0नि0 रामसुन्दर मौर्य, चौकी प्रभारी जमालापुर, थाना रामपुर जनपद जौनपुर। 3. हे0का0 पवन कुमार अकेला, का0 आकाश चौहान,आ0चा0 शशिकान्त तिवारी, म0का0 मुन्नी थाना रामपुर जनपद जौनपुर।

# न्यायालयों के लम्बित अधिकतम वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में विचार–विमर्श हेतु आहूत की गयी बैठक

जौनपुर सू.वि. : राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर एम0 पी0 सिंह के संरक्षण में 12 मार्च 2022 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में परिवार न्यायालयों के लम्बित अधिकतम वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में विचार–विमर्श हेतु सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर श्रीमती शिवानी रावत के प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, जौनपुर संयोजन में सत्य प्रकाश, की अध्यक्षता में उनके विश्राम कक्ष में 24 फरवरी 2022 को समय 04:00 बजे बैठक आहूत की गयी। बैठक में विचार–विमर्श करते हुए प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय सत्य प्रकाश, द्वारा समस्त अपर प्रधान न्यायाधीश को आगामी लोक अदालत में अधिकतम मामलों के निस्तारण हेतु वादों को चिन्हित करने एवं पक्षकारों को समन/नोटिस प्रेषित कर लोक अदालत में वादों के निस्तारण के लाभों को बताते हुए पक्षकारों को प्रेरित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शिवानी रावत, द्वारा लोक अदालत के मामलों के निस्तारण से होने वाले लाभ जैसे–निस्तारण हेतु किसी प्रकार का न्याय शुल्क देय नहीं होना, लोक अदालत में निस्तारण कर लम्बित मामलों मे न्याय शुल्क की वापसी की व्यवस्था, लोक अदालत के निर्णय के विरूद्ध कोई अपील नहीं होना बताकर लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों को निस्तारण करवाकर लोक अदालत को सफल बनाये जाने की अपील की गयी। इस अवसर पर अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रथम अली रजा, अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय चतुर्थ प्रहलाद सिंह, अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय तृतीय सुश्री एकता कुशवाहा उपस्थित रहे।

# थाना चन्दवक पुलिस द्वारा 03 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर महोदय के कुशल निर्देशन में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर डा0 श्री संजय कुमार एवं क्षेत्राधिकारी केराकत श्री शुभम तोदी के निकट पर्यवेक्षण में गैर जमानती अपराधियों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम



में कार्यवाही करते हुए दिनांक 25.11.2021 को थानाध्यक्ष राजा राज द्विवेदी थाना चन्दवक जनपद जौनपुर के कुशल नेतृत्व में चन्दवक पुलिस द्वारा मु0न0 447/20 धारा 323/504 भादवि से संबन्धित 03 नफर वारंटी 1. राजेश नाविक पुत्र रामवचन नाविक 2.. पिन्टू पुत्र नन्दलाल नाविक 3. छठ्ठू नाविक पुत्र लालजी नाविक निवासीगण रामगढ़ थाना चंदवक जनपद जौनपुर को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। वारंटी उपरोक्त के विरूद्ध माननीय ग्रामीण न्यायालय केराकत जौनपुर द्वारा गिरफ्तारी का अधिपत्र आदेश निर्गत किया गया था। आदेश उपरोक्त के अनुपालन के क्रम में अग्रेतर कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार वारंटीदृ 1. छठ्ठू नाविक पुत्र लालजी नाविक निवासी रामगढ़ थाना चंदवक जनपद जौनपुर 2. राजेश नाविक पुत्र रामवचन नाविक निवासी रामगढ़ थाना चंदवक जनपद जौनपुर 3. पिन्टू पुत्र नन्दलाल नाविक निवासी रामगढ़ थाना चंदवक जनपद जौनपुर गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम के सदस्य– 1. उ0नि0 सुदामा प्रसाद थाना चन्दवक, जनपद जौनपुर 2. हे0का0 संजय सिंह थाना चन्दवक, जनपद जौनपुर 3. हे0का0 सरोज कुमार थाना चन्दवक, जनपद जौनपुर।

# थाना खुटहन पुलिस द्वारा दो वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अपराधियो व वारन्टी अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व श्रीमान् क्षेत्राधिकारी शाहगंज के मार्गदर्शन तथा थानाध्यक्ष श्री अश्विनी कुमार दूबे के पर्यवेक्षण मे उ0नि0 राजित राम यादव मय हमराह हे0का0 संजय कुमार ओझा द्वारा 107/116 सीआरपीसी मे वारन्टी अभियुक्तगण 1. लालबहादुर पुत्र हीरालाल उम्र करीब 45 वर्ष 2. दयाशंकर पुत्र रामसेवक उम्र करीब वर्ष 59 वर्ष निवासी गण ग्राम उदईपुरदीपी थाना खुटहन जौनपुर को 24.02.2022 को गिरफ्तार कर अभियुक्त गण उपरोक्त के विरुध्द आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है । " गिरफ्तार वारन्टी का विवरण 1. लालबहादुर पुत्र हीरालाल निवासी ग्राम उदईपुरदीपी थाना खुटहन जौनपुर 2. दयाशंकर पुत्र रामसेवक निवासी ग्राम उदईपुरदीपी थाना खुटहन जौनपुर गिरफ्तारी टीम का विवरण– 1. उ0नि0 राजित राम यादव थाना खुटहन जौनपुर । 2. हे0का0 संजय कुमार ओझा थाना खुटहन जौनपुर ।

# थाना केराकत जनपद जौनपुर पुलिस द्वारा एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के कुशल निर्देशन मे अपराध एवं अपराधियों तथा वाँछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर डा0 श्री संजय कुमार एवं क्षेत्राधिकारी केराकत श्री शुभम तोदी के पर्यवेक्षण एवं दिशा दृ निर्देशन में थाना केराकत कोतवाली जौनपुर पुलिस द्वारा प्र0नि0 केराकत लक्ष्मण पर्वत के नेतृत्व मे मा0 न्यायालय जौनपुर द्वारा मु0अ0सं0 77/22 धारा 363/366 भादवि0 से सम्बन्धित अभियुक्त अमन सरोज पुत्र वुट्टन नि0 आजादनगर मुरारा थाना केराकत जौनपुर को आज दिनांक 24.02.2022 को समय करीब 10.30 बजे दिन को देवकली बाजार से गिरफ्तार कर चालान सम्बंधित माननीय न्यायालय किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त– 1.अमन सरोज पुत्र वुट्टन नि0 आजादनगर मुरारा थाना केराकत जौनपुर आपराधिक इतिहास– 1.मु0अ0सं0 77/22 धारा 363/366 भादवि0 थाना केराकत जौनपुर गिरफ्तारी टीम– 1– प्र0नि0 लक्ष्मण पर्वत प्र0नि0 थाना केराकत जनपद जौनपुर। 2.उ0नि0 श्री रामाश्रे सिंह यादव, हे0 का0 जयचन्द्र यादव,का0 जितेन्द्र यादव ,का0 सतेन्द्र यादव थाना केराकत जौनपुर।

# जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा ईवीएम की कमीशनिंग के कार्य का किया गया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी के नवनिर्मित मूल्यांकन भवन में चल रहे विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2022 के उपयोगार्थ ईवीएम की कमीशनिंग का कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान




जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कहा गया कि ईवीएम कमिश्निंग निर्वाचन का बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है इसे अच्छे से किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी लोग टीम भावना से कार्य करते हुए निर्वाचन का कार्य संपन्न कराएं। उन्होंने निर्देश दिया कि परिसर में अधिकृत व्यक्ति ही प्रवेश करें और परिसर में साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखी जाए। इस अवसर समस्त रिटर्निंग ऑफिसर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# जौनपुर पुलिस/उड़नदस्ता टीमों द्वारा कुल बारह लाख बाइस हजार छः सौ चौतीस रुपया किया गया बरामद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी जौनपुर व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,जौनपुर के निर्देशन में आगामी विधानसभा चुनाव–2022 के दृष्टिगत एवं अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे चेकिंग अभियान के क्रम में दिनांक–24.02.2022 को जौनपुर पुलिस/उड़नदस्ता टीमों द्वारा कुल बारह लाख बाइस हजार छः सौ चौतीस रुपया बरामद किया गया जिसका विवरण निम्न है। 1. थाना मछलीशह– आज दिनांक–24.02.2022 को थाना मछलीशहर एवं उड़नदस्ता टीम द्वारा विधानसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव 2022 को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत चेकिंग के दौरान चुंगी चौराहा पर आदर्श आचार संहिता के नियमों के विपरीत पवन कुमार पाण्डेय पुत्र प्रेम शंकर पाण्डेय निवासी नवधन सुधावाई थाना ऊंच जनपद संतरविदासनगर के पास से बैग में अलग अलग मूल्य वर्ग के नोट कुल 5,15,000/– रुपए की बरामदगी की गयी एवं नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी। बरामदगी का विवरण– 1. 5,15,000/– रुपए 2. थाना लाइनबाजार– दिनांक–24.02.2022 को थाना लाइनबाजार उड़नदस्ता टीम द्वारा विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत चेकिंग के दौरान सिविल लाइन तिराहे पर आदर्श आचार संहिता के नियमों के विपरीत दीपक कुमार पुत्र सूबेदार मौर्या निवासी खजुरहवां थाना मड़ियाहूँ जौनपुर के पास से दो बण्डल में कुल 2,31,684/– रुपए की बरामदगी की गयी एवं नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी। बरामदगी का विवरण– 1. 2,31,684/– रुपए 3. थाना मुंगराबादशाहपुर– दिनांक–24.02.2022 को थाना मुंगराबादशाहपुर उड़नदस्ता टीम द्वारा विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत 368 विधानसभा मुगराबादशाहपुर क्षेत्र अन्तर्गत चेकिंग के दौरान आचार संहिता के नियमों के विपरीत दयाशंकर जैस्वार पुत्र रामसमुख जैस्वार निवासी सराय पवारा थाना पवारा जौनपुर के चार पहियां वाहन से तीन लाख चालीस हजार रुपये नकद की बरामदगी कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी। बरामदगी का विवरण– तीन लाख चालीस हजार) रुपये नकद। 4. थाना कोतवाली– दिनांक–24.02.2022 को थाना कोतवाली जौनपुर उडनदस्ता टीम द्वारा विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत 366 विधानसभा सदर कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत चहरसु चौराहा के पास चेकिंग के दौरान आचार संहिता के नियमों के विपरीत उग्रसेन यादव पुत्र धर्मराज यादव निवासी कलीचावाद थाना लाइन बाजार जनपद जौनपुर के बैग से एक लाख पैतीस हजार नव सौ पच्चास रूपये नगद की बरामदगी कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी। बरामदगी का विवरणः– एक लाख पैतीस हजार नव सौ पच्चास रूपया नगद।

# देश का सामर्थ्य और विकास मातृभाषा में संभव : प्रो. बीबी तिवारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर एवं गुरु नानक कॉलेज स्वायत्तशासी चेन्नई के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को सात दिवसीय ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के चौथे दिन पंचम तकनीकी सत्र में अभियांत्रिक के क्षेत्र में शिक्षण, शोध एवं रोजगार सृजन में मातृभाषा की उपादेयता विषय पर व्याख्यान हुआ। इस अवसर पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी संस्थान के घ्संकायाध्यक्ष प्रो. बीबी तिवारी ने कहा कि मातृभाषा की शक्ति में ही देश का सामर्थ्य और विकास छिपा रहता है। इससे व्यक्ति की सांस्कृतिक पहचान बनती है। यह हमारी आशा,भाव और व्यक्तित्व को अच्छे ढंग से संप्रेषित करती हैं। आइंस्टीन जर्मन भाषा (मातृभाषा) में ही शोध पत्र लिखते रहे। इसके बाद जब वहघ् अमेरिका में गये तो वहां भी जर्मन भाषा में शोध पत्र लिखा। काग्निजेंट टेक्नोलॉजी सोल्यूशन चेन्नई तमिलनाडु के आमंत्रित वक्ता गुंजन कुमार सिंह ने कहा कि बाजार में पकड़ बनाने के लिए जनमानस तक पहुंचना होगा, इसके लिए मातृभाषा जरूरी है, इसलिए मुक्त बाजार में भूमंडलीकरण हिंदी को गले लगाता है। फिल्म जगत का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि पुष्पा फिल्म इतनी दमदार थी कि उसे हर भाषा में बनाया गया। चीन के शिवान अंतरराष्ट्रीय अध्ययन विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर अजय कृष्ण ने कहा कि किसी भी सामान को बेचने में और किसी दूसरी संस्कृति में व्यवसाय करने के लिए भी भाषा की जरूरत है। भारतीय सिनेमा चीनी बाजार में हिटघ् है। भारतीय सिनेमा की डबिंग भी चीन में अच्छा रोजगार कर रही है। कार्यशाला डॉ. मनोज कुमार पांडेय और डॉ. डाली के संयोजकत्व में आयोजित है। संचालन डॉ डॉली मौर्य और



धन्यवाद ज्ञापन मनोज पांडेय ने किया। इस अवसर पर प्रो. वंदना राय, प्रो.देवराज सिंह, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. रसिकेश, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ अवध बिहारी सिंह, डॉ धीरेन्द्र चौधरी, मंगल प्रसाद यादव, श्रीमती गुड़िया चौधरी, दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा से रेखा वर्मा, डॉ. विजय पाटिल संदीप कुमार, सुशील कुमार आदि ने प्रतिभाग किया।

# पेक्षक देव कुमार द्वारा लखौंआ हाइवे पर कार्यरत एफएसटी टीम से मुलाकात कर उनके कार्य का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : मा0 व्यय प्रेक्षक विधानसभा 367–मल्हनी, 368–मुंगराबादशाहपुर श्री देव कुमार द्वारा लखौंआ हाइवे पर कार्यरत एफएसटी टीम से मुलाकात कर उनके कार्य का निरीक्षण किया गया। एफएसटी टीम द्वारा वाहनों की जांच एवं वीडियोग्राफी की जा रही है। जिसका ब्यौरा भी रजिस्टर में तैयार किया जा रहा है। माननीय व्यय प्रेक्षक महोदय द्वारा इस अवसर एफएसटी टीम को जांच कार्य की बारिकियों के बारे में निर्देश दिए गए। माननीय व्यय प्रेक्षक 367–मल्हनी, 368–मुंगराबादशाहपुर श्री देव कुमार द्वारा मल्हनी विधानसभा के हरबसपुर, छुन्छा, छबीलेपुर, माधवगंज बशारतपुर, शम्भुगंज, बक्शा आदि क्षेत्रों का भ्रमण किया गया। इस दौरान एफएसटी मजिस्ट्रेट नरेश कुमार, पुलिस उपनिरीक्षक मनोज कुमार सिंह, लाइजन आफिसर ज्योति स्वरूप पांडेय एवं पुलिस सुरक्षा अधिकारी सैयद हसन रिजवी उपस्थित रहे। माननीय व्यय प्रेक्षक 369–मछलीशहर, 370–मड़ियाहूँ, 371–जफराबाद, 372–केराकत श्री विनय जी0 एम0 द्वारा जिला पंचायत कार्यालय जौनपुर में विधानसभा मडियाहूं एवं मछलीशहर के प्रत्याशियों के व्यय रजिस्टर का प्रथम निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक महोदय द्वारा सहायक व्यय प्रेक्षकों एवं लेखा टीम के सदस्यों को निर्देशित किया कि प्रत्येक विधानसभा के प्रत्याशियों का शैडो रजिस्टर का प्रत्येक कॉलम भरा होना चाहिए तथा यदि प्रत्याशियों के व्यय रजिस्टर को भरने में कोई समस्या आती है तो सहायक व्यय प्रेक्षकों द्वारा उनकी मदद की जाए। मा0 व्यय प्रेक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि पेड न्यूज पर विशेष ध्यान दिया जाए। वीडियो निगरानी टीम को निर्देशित किया कि उनके द्वारा प्रत्येक वीडियो का ध्यान से परीक्षण किया जाए तथा उससे संबंधित रिपोर्ट प्रतिदिन सहायक व्यय प्रेक्षकों को प्रेषित की जाए। सहायक व्यय प्रेक्षकों को निर्देशित किया गया कि एफएसटी एवं एसएसटी टीम की अपने स्तर से सघन निगरानी करे। प्रेक्षक महोदय द्वारा निर्देश दिया गया कि प्रत्याशियों के व्यय रजिस्टर को लाने वाले व्यक्ति यदि वह प्रत्याशी या एजेंट नही है तो उसके पास अथॉरिटी लेटर अवश्य होना चाहिए। उनके द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि प्रत्याशियों द्वारा किये जाने वाले सभी प्रकार के व्यय अपने निर्वाचन खाते से ही किये जायें। इसके पश्चात मा0 प्रेक्षक महोदय द्वारा प्रसाद इंस्टिट्यूट के पास एसएसटी टीम का निरीक्षण किया गया। टीम प्रभारी विक्रमादित्य सिंह को निर्देशित किया गया कि गाड़ियों की सघन तलाशी ली जाए तथा उसकी एंट्री संबंधित रजिस्टर में समय सहित अंकित की जाए। वीडियोग्राफर को निर्देशित किया गया कि गाड़ियों की वीडियोग्राफी करते समय गाड़ी नम्बर को अवश्य रिकॉर्ड किया जाए। रिकॉर्डिंग के समय रिकॉर्डिंग में उसकी टाइमिंग और तिथि अवश्य होनी चाहिए। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी सुनील कुमार, लाइजन अधिकारी विपिन सोनकर, लेखाधिकारी प्रवीण तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा टीडी इंटर कॉलेज में चल रहे प्रशिक्षण कार्य एवं मतदान प्रक्रिया का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा टीडी इंटर कॉलेज में चल रहे प्रशिक्षण कार्य एवं कार्मिको के पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान प्रक्रिया का निरीक्षण किया गया और निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया गया है कि सभी लोग अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें। उन्होंने बताया कि 07 मार्च को होने वाले मतदान में कोई समस्या न हो इसलिए कार्मिकों को अधिक से अधिक प्रशिक्षण देने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन सकुशल संपन्न कराने हेतु जनपद को 32 जोन एवं 261 सेक्टर में बांटा गया है, जनपद में प्रत्येक बूथ पर पैरामिलिट्री फोर्स तैनात की जाएगी। भारी मात्रा में पुलिस बल एवं होमगार्ड के जवान की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला, जिला विकास अधिकारी बी.बी. सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें। मुख्य विकास अधिकारी/मुख्य कर्मिक प्रभारी विधानसभा निर्वाचन 2022 अनुपम शुक्ला ने प्राचार्य तिलकधारी महाविद्यालय, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, वरिष्ठ प्रबन्धक एल0आई0सी0–प्रथम, शाखा प्रबन्धक केनरा बैंक को निर्देशित किया है कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 मे मतदान कार्मिको का द्वितीय प्रशिक्षण 24 फरवरी 2022 से तिलकधारी इण्टर कालेज में प्रारम्भ हुआ। प्रथम पाली में तिलकधारी महा विद्यालय के कनि0सहा0 राजेश कुमार सिंह, बेसिक शिक्षा (सुइथाकला) के सह0अध्यापक चित्रसेन सिंह, बेसिक शिक्षा (बरसठी) सह0अध्यापक सुबाष चन्द्र बिन्द, बेसिक शिक्षा (सुइथाकला) प्र0अध्यापक विनोद कुमार सिंह, जिला पंचायत चपरासी पंकज श्रीवास्तव, रा0इ0का0महरेव जिला विद्यालय निरीक्षक सह0अध्यापक मनोज कुमार सिंह, एल0आई0सी0–प्रथम रिकार्ड लिपिक तपेश्वरी देवी, केनरा बैंक लिपिक आशीष कुमार अनुपस्थित पाये गये। उन्होंने निर्देशित किया है कि विभागाध्यक्ष उक्त कर्मचारियों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम–1951 की धारा–134 में निहित प्रावधान के अनुसार प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कठोर दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करें, जिससे कि चुनाव जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम मे किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

## रामनगरी में सीएम योगी के रोड शो से पहले पुलिस की लापरवाही से जगह – जगह लगी जाम में फंसी रही एंबुलेंस

अयोध्या। (अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता)विधानसभा चुनाव प्रचार के अंतिम दौर में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में हवा बनाने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अयोध्या में रोड शो से पहले ही लोगों को जगह जगह जाम झेलना पडा है। बाईक और बड़ी गाड़ियों के रेले के कारण जाम में दो एम्बुलेंस भी फंसी रहीं जिन्हें बमुश्किल निकाला जा सका। विभिन्न क्षेत्रों से भाजपाई बाईक लेकर रामनगरी की ओर गुरुवार दोपहर बाद निकले। जिसकी वजह से कई क्षेत्रों में जाम की स्थिति बनी रही।बता दे कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गुरुवार करीब चार बजे अयोध्या में टेढ़ी बाजार से लेकर नये घाट तक रोड शो करना था।रूदौली के बाद वे गोसाईगंज में सभा को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान उनके रोड शो में शामिल होने के लिए जय श्री राम का नारा लगाते हुए बाईकों का रेला निकला। जिसके चलते सीतापुर आंख अस्पताल, साहबगंज और बेनीगंज तक लम्बा जाम लग गया। जिसमें दो एम्बुलेंस भी फंस गई बमुश्किल उन्हें रास्ता मिला। चौक घंटाघर पर भी आधे घंटे जाम लगा रहा। बताया जाता है कि साकेत महाविद्यालय से लेकर टेढ़ी बाजार तक वाहनों का रेला है लेकिन ट्रैफिक व्यवस्था नदारद। जिसके कारण आने जाने वाले जनसामान्य को भारी परेशानी उठानी पड़ी। लोगों का कहना है कि टेढ़ी बाजार से लेकर नये घाट तक जगह जगह यातायात अव्यवस्था चरम पर दिखी।

## 26 फरवरी को हवाई पट्टी से ही पांचो विधानसभा के पोलिंग पार्टियां अपने अपने पोलिंग स्टेशन के लिए होगी रवाना – जिला निर्वाचन अधिकारी

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता)जिलाधिकारी–जिला निर्वाचन अधिकारी नीतीश कुमार ने अपर जिलाधिकारी नगर उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिटी मजिस्ट्रेट निर्वाचन सहायक तौसीफ के साथ हवाई अड्डा पहुंच कर वहां पर की जा रह व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए बेहतर व्यवस्था के आदेश दिए हैं।ज्ञातव्य है कि 26 फरवरी को हवाई पट्टी से ही पांचो विधानसभा के पोलिंग पार्टियां अपने अपने पोलिंग स्टेशन के लिए रवाना होंगे ।इस बार सभी पोलिंग पार्टियों को बसों से भेजने की व्यवस्था की गई है। पीठासीन अधिकारियों, मतदान अधिकारियों, को कोई परेशानी न हो इसके लिए विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए हैं ।उन्होंने कहा छाया के लिए पर्याप्त टेंट ,पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल व्यवस्था किए जाने की आवश्यकता है ।उन्होंने कहा कि वाहनों को पोलिंग पार्टी वाइज क्रम से लगाई जाए जिससे लोगों को ढूंढने में कोई परेशानी न हो ।वाहन पोलिंग पार्टियों को लेकर औंद रवाना हो तो किसी भी रोड पर जाम की स्थिति न हो, इसके लिए पहले से समुचित व्यवस्था कर रूट डायवर्जन की व्यवस्था की जाए ।26 फरवरी को सभी मतदान पार्टियों के पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रातः 7:00 हवाई पट्टी पर पहुंचेंगे ।जिला अधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी पोलिंग पार्टियों के सदस्यों से कहा है कि वह अपने साथ स्वच्छ पानी की बोतल ड्राई फूड आदि व्यवस्था अपने साथ लेकर चलें। जिलाधिकारी ने सभी रिटर्निंग अफसर व जोनल मजिस्ट्रेट के साथ सेक्टर मजिस्ट्रेट को आदेश दिए हैं ऐसी व्यवस्था बनाई जाए कि किसी भी पोलिंग पार्टी के सदस्य को ज्यादा भटकना न पड़े और उन्हें कोई परेशानी ना उठाना पड़े। 27 फरवरी को मतदान के बाद सभी पोलिंग पार्टियां ईवीएम के साथ राजकीय इंटर कॉलेज में पहुंचकर ईवीएम व स्टेशनरी जमा करेंगे । 26अ27 फरवरी को फरवरी को सभी पोलिंग पार्टियां, अधिकारीगण, पोलिंग पार्टी रवाना होते समय ,मतदान के समय ,व ईवीएम जमा करते समय कोविड–19 प्रोटोकॉल ,गाइडलाइन का पालन कर मास्क पहनेंगे।

## भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ अयोध्या के तहसील मिल्कीपुर इकाई की बैठक हुई संपन्न

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता)भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ अयोध्या की तहसील मिल्कीपुर इकाई की बैठक कृष्ण कुमार सिंह के नेतृत्व में अमरगंज मीडिया कार्यालय पर की गई । बैठक में मुख्य अतिथि संगठन के जिला अध्यक्ष सूर्य कुमार मिश्रा ने संगठन के सभी पत्रकारों को पहचान पत्र देकर सम्मानित किया। बैठक में बोलते हुए श्री मिश्रा जी ने कहा आए दिन हो रहे पत्रकारों के उत्पीड़न को कतई हमारा संगठन बर्दाश्त नहीं करेगा। पत्रकार साथी खबरों को संकलित करने के लिए हर परिस्थितियों का सामना करते हैं चाहे वह कोरोना काल हो या और, फिर भी अगर लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाने वाला पत्रकारो के साथ अगर कहीं कोई उत्पीड़न किया जाता है तो उससे ज्यादा निंदनीय कुछ भी नहीं है।संगठन के हित के लिए हम और हमारा संगठन सदैव तैयार है।इस बैठक में उपस्थित सभी पत्रकार साथियों एवं जिला उपाध्यक्ष गिरजा प्रसाद शुक्ला के सहमति पर ओंकार मिश्रा को तहसील अध्यक्ष मिल्कीपुर, रामनाथ मिश्रा वरिष्ठ उपाध्यक्ष मिल्कीपुर, रोहित सिंह उपाध्यक्ष मिल्कीपुर, महासचिव कृष्ण कुमार सिंह ''दिलीप'',सचिव सूर्य बक्स सिंह,कोषाध्यक्ष उमाशंकर तिवारी, तहसील सचिव अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, तहसील मिल्कीपुर संयुक्त सचिव अयोध्या प्रसाद ''राणा'' आदि को मनोनीत किया गया।

## दो दिन अयोध्या में रहें सीएम योगी आदित्यनाथ : सीएम योगी गये तो आये अखिलेश यादव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)राम नगरी अयोध्या को लेकर विधानसभा चुनावी जंग में सीएम योगी और अखिलेश अंतिम क्षणों तक प्रचार दिखा।भारतीय जनता पार्टी के सामने गढ़ बचाने की चुनौती की गंभीरता को देखते हुए अब अयोध्या सदर के चुनावी रण का अंतिम मोर्चा अंतिम क्षणों में स्वयं योगी आदित्यनाथ संभालें रहे।इस दौरान वह न केवल रोड शो किया बल्कि गुरुवार की रात में रुक कर संत –महात्माओं से मिलकर दूसरे दिन शुक्रवार को सुबह रामलला और हनुमान जी के दर्शन करने के बाद यहां से आगे रवाना हुये।अगर देखा जाये तो अयोध्या में सीएम रहते योगी आदित्यनाथ इस बार 45 वीं बार अयोध्या ।योगी का चुनाव में तीसरा तो अखिलेश का दूसरा फेरा है।यह अयोध्या जिले में सीएम का चुनावी चक्र का तीसरा फेरा है।वहीं अखिलेश यादव भी 25 फरवरी को चुनावी माहौल में दूसरी बार अयोध्या आये।वही पूर्व सीएम अखिलेश यादव का भी तीसरा चक्कर होता लेकिन चुनाव की घोषणा और खराब मौसम के चलते उनको अपना कार्यक्रम रद करना पड़ा था।वर्तमान समय में सीएम योगी और पूर्व मुख्यमंत्री के बीच तू डाल डाल मैं मैं पात का खेल चुनाव के अंतिम चरण तक जिले में जारी रहा।वही भाजपा की प्रतिष्ठा से जुड़ी अयोध्या सदर की सीट के साथ ही जिले की अन्य चार विधानसभा सीटों को बचाने की जद्दोजहद चल रही है।जिले के चुनावी हालात से वाकिफ मुख्यमंत्री अंतिम क्षणों में कोई रणनीतिक चूक नहीं करना चाहते,इसलिए वह चुनाव प्रबंधन का जायजा स्वयं लिया।वही आज यहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय पदाधिकारी भी मौजूद रहें।वह उनसे भी चुनाव की स्थिति पर चर्चा किया।इस मौके पर सीएम योगी रुदौली और गोसाईंगंज में जनसभा भी किया।वही योगी 24 से जबकि 25 को अनुराग ठाकुर अयोध्या में रहें।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिले की सीमा में दोपहर में प्रवेश कर दौरे की शुरुआत रुदौली कस्बे से किया।जहां उनकी जनसभा प्रस्तावित थी। उसके बाद वह गोसाईंगंज में जनसभा को संबोधित किया।वही शाम को वह अयोध्या धाम में रोड शो कर माहौल को केसरिया करने की कोशिश करने का काम किया।वह अयोध्या में ही रात्रि विश्राम करेंगे।इस दौरान वह धर्म नगरी के संतों सन्यासियों से भेंट मुलाकात भी करेंगे। भाजपा चुनाव से ठीक पहले तक मैदान खाली नहीं छोड़ेगी। चुनाव प्रचार बंद होने की रात केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर 25 फरवरी को फैजाबाद शहर में रोड शो किये।वही अखिलेश यादव 25 फरवरी को अयोध्या जनपद के दौरे पर रहें।सपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव 25 फरवरी को अयोध्या जनपद के दौरे पर रहें।वह 12:00 बजे लालगंज की बाग तारुन गोसाईंगंज विधानसभा क्षेत्र में सपा प्रत्याशी अभय सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। वह दोपहर एक बजे अयोध्या धाम पहुंचेंगे और भाजपा के गढ़ से अपनी चुनौती पेश करेंगे।पूर्व मुख्यमंत्री राम कथा पार्क से फैजाबाद शहर के गांधी पार्क तक रोड शो करेंगे।

## मादक वस्तुओं की बिक्री मतदान से 48 पूर्व से लेकर मतदान की समाप्ति तक व मतगणना के दिन समाप्ति तक प्रतिबन्धित

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) : जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2022 के चुनाव के दौरान लोक शान्ति बनाये रखने के उद्देश्य से मतदान दिवस को मतदान समाप्त होने के लिए नियत समय से 48 घण्टे पूर्व से मतदान समाप्ति तक व मतगणना के दिन दिनांक 10.03.2022 को तथा नशाबन्दीद्य मद्यनिषेध का दिन घोषित करने हेतु आवश्यक निर्देश निर्गत किये गये है। उक्त निर्देशों के अनुपालन में उत्तर प्रदेश आबकारी (संशोधन) नियमावली, 1999, जिसे आबकारी आयुक्त, उ0प्र0 की अधिसूचना द्वारा प्रकाशित किया गया है, के प्राविधानों के अनुसार संयुक्त प्रान्त अधिनियम 1910 की धारा–50 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उत्तर प्रदेश विधान सभा सामान्य निर्वाचन, 2022 के दृष्टिगत मतदान तिथि 27.02.2022 (रविवार) के अवसर पर शान्ति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से जनपद अयोध्या तथा जनपद अयोध्या की सीमा से 08 किलोमीटर की परिधि क्षेत्र में स्थित समस्त मादक वस्तुओं की बिकी को प्रतिबन्धित किये जाने हेतु देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, माडल शाप और भांग के फुटकर अनुज्ञापन एवं सी0एल0–2 एफ0एल०–2, एफ0एल0–2बी के थोक अनुज्ञापन तथा एफ0एल0 6/7 एफ0एल0–16/ 17 के अनुज्ञापनों को दिनांक 25.02. 2022 की सायं 6 बजे (मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व) से मतदान दिनांक 27.02.2022 की सायं 6 बजे अथवा मतदान समाप्ति तक, जो भी बाद में हो, बन्द रखने का आदेश दिये।। इसके साथ ही मतगणना तिथि 10.03.2022 को भी जनपद अयोध्या के समस्त आबकारी अनुज्ञापन बन्द रखे जायेंगे।उक्त बन्दी के लिए अनुज्ञापियों को किसी प्रकार के अनुज्ञापन शुल्क की छूट या प्रतिफल देय नहीं होगा।

## डाक्टर अमित श्रीवास्तव बने अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा(अवध क्षेत्र) के प्रदेश अध्यक्ष

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शहर के जाने माने दंत चिकित्सक डाक्टर अमित श्रीवास्तव को अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा(अवध क्षेत्र) उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष संगठन के राष्ट्रीय सचिव डाक्टर अरविंद श्रीवास्तव असीम बनाया है।देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व नव भारत चेतना न्यूज चौनल के अयोध्या ब्यूरो चीफ राजेश श्रीवास्तव से एक खास मुलाकात में अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा (अवध क्षेत्र) उत्तर प्रदेश के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर अमित श्रीवास्तव ने बताया कि वह हमेशा संगठन द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो का पालन करेगे।इस मौके पर उन्होने बताया कि वे हमेशा संगठन के मंशानुरुप कार्य करेंगे।इस खास मुलाकात में संगठन के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर अमित श्रीवास्तव ने बताया कि वे संगठन के विकास में निरंतर कार्य करते रहेगे।इस मौके पर उन्होने बताया कि चिंत्राश समाज को संगठित कर




हमेशा उनके चहुंमुखी विकास के लिये हमेशा तत्पर रहूंगा।उनके इस नियुक्ति से चित्रांश समाज में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।

## चुनाव में मतदाताओ को मतदान करना सबसे पवित्र कार्य – सरिता त्रिपाठी

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) चुनाव में सभी मतदाताओ को मतदान करना सबसे बड़ा पवित्र कार्य है।राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक को इसे अनिवार्य जिम्मेदारी समझ कर अवश्य मतदान करना चाहिए।उक्त विचार मतदाता जागरूकता अभियान के तहत चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों में प्रधानाचार्या सरिता त्रिपाठी ने व्यक्त किए।यश विद्या मंदिर द्वारा यश निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई में मतदाता जागरूकता अभियान के दौरान मतदाताओं को पोस्टर, बैनर, लघु नाटिका, गीत के माध्यम से जागरूक किया गया व मतदाताओं को निष्पक्ष एवं भयमुक्त होकर मतदान करने हेतु व दूसरों को जागरूक करने हेतु मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर आईटीआई प्रशिक्षण संस्थान के स्किल ऑपरेशन हेड (प्राचार्य) रमेश विश्वनाथ कोटी व यश विद्या मंदिर दर्शन नगर के उप प्रधानाचार्य गिरीश चंद्र वैश्य ने लोगों को आने वाले 27 फरवरी को इस लोकतंत्र में अपनी अपूर्ण मतदान की हिस्सेदारी प्रदान करने हेतु मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राजेश कुमार ऋषि कुमार, मुकेश श्रीवास्तव, राम मूरत मौर्य, राघवेंद्र, अमर सागर, गाइड कैप्टन सुप्रिया सिंह आदि समस्त विद्यालय स्टाफ व स्काउट गाइड कब बुलबुल उपस्थित रहे। अंत में स्काउट मास्टर आदित्य श्रीवास्तव ने लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। स्वीप कोऑर्डिनेटर अनूप मल्होत्रा ने बच्चों को अपनी शुभकामनाएं प्रदान की है।

## बूथ के प्रभारी समन्वय स्थापित करके जीत के लिए जुटे – राधा मोहन सिंह

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी राधामोहन सिंह ने अयोध्या विधानसभा के केन्द्रीय चुनाव कार्यालय पर संगठनात्मक बैठक में पदाधिकारियों से संवाद स्थापित करके आगामी चुनावों के दृष्टिकोण से संबोधन किया।इस बैठक में राधा मोहन सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने पिछले पांच वर्ष के कार्यकाल में अपने लोक कल्याण संकल्प पत्र में किये गए सभी वादों को पूरा करके दिखाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा गुंडाराज व भ्रष्टाचार मुक्त शासन किया गया।अपराधियों व माफियाओं पर करारा प्रहार किया गया।वही महिलाओं को सुरक्षा व सम्मान के साथ स्वाबलंबी बनाया गया।उन्होने बताया कि प्रदेश में निवेशकों का आना जारी है। जिससे रोजगार के अवसर बढ़े है।उत्तर प्रदेश में 14 करोड़ 55 लाख लोगों को डबल राशन मिल रहा है।गन्ना किसानों को अशिंक भुगतान किया गया है।वही पूर्व की सरकारों का बकाया भी दिया गया है।किसान सम्मान निधि के तहत 2.54 करोड़ किसानों के खाते में अब तक 1.58 लाख करोड़ की राशि दी जा चुकी है।शिक्षा के क्षेत्र हो या उधोग धन्धे या सड़क बिजली पानी हर घर जल जैसी मूलभूत आवयश्कताओ के मामले में अपना प्रदेश पिछले पांच वर्षों में बहुत आगे जा चुका है । श्रमिको के लिए विशेष कार्य किये गए अयोध्या से लेकर काशी तक मथुरा से मिर्जापुर विंध्याचल तक सरकार के संस्कृतिक कार्यो की झलक पूरी दुनिया देख रही है।आज प्रदेश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। बैठक में प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह ने कहा कि त्रिदेव बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी, बूथ महामंत्री अपने बूथों को जिताने में जुट जाए।पार्टी का मंत्र है बूथ जीत चुनाव जीत।

## बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी सुनील पाठक ने अमन चौन एवं खुशहाली के लिए वोट करने की अपील

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) जिले के बीकापुर विधानसभा के बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी सुनील पाठक ने अमन चौन एवं खुशहाली के लिए वोट करने की अपील किया।उन्होंने कहा कि अमन चौन एवं खुशहाली बहुजन समाज पार्टी की नीतियों से ही संभव है।उक्त बातें उन्होने अरकुना , मुबारकगंज, बरसेडी ,बरईकला ,बिसौली, करेरु, कोटडीह, सरैया , ड्योरी, गालीपुर ,मीरपुर कांटे आदि जगहों पर जनसंपर्क के दौरान कही।श्री पाठक ने कहा बहुजन समाज पार्टी के शासन में सबकी सुरक्षा और सबका विकास होता है, जबकि भाजपा और सपा में गुंडों की सुरक्षा तथा अपना स्वयं का विकास होता है। आज पूरे प्रदेश में ब्राह्मणों की उपेक्षा हो रही है हमें अपनी एकजुटता का प्रदर्शन कर यह साबित करने की जरूरत है कि हम सरकार बना भी सकते हैं और बिगाड़ भी सकते हैं, उन्होंने जनसंपर्क के दौरान जन–जन से यह अपील किया कि अगर मुझे आप लोगों ने बीकापुर विधानसभा का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया तो बीकापुर विधानसभा को उत्तर प्रदेश का सबसे विकसित विधानसभा बनाने का काम करूंगा। जनसंपर्क में मुख्य करुणाकर पांडे ,कमलेंद्र शुक्ला (अध्यक्ष बार एसोसिएशन) लखन धर तीवारी ,अंजनी दुबे, अरुण कुमार दुबे, अजीत पांडे ,चंद्रभान तिवारी, सुधीर मिश्रा, विनय दुबे, राम सजीवन दुबे, माधव पांडे, बृजनंदन दुबे, अनूप पांडे, ओम प्रकाश मिश्रा, कैलाश पांडे, कृष्ण कुमार मिश्रा, वशिष्ठ नारायण पांडे, रामनाथ रावत, रमेश प्रियदर्शी, मालिक राम रावत, कृष्ण राज रावत, माता बदल निषाद, सीताराम निषाद, रामकुमार यादव, प्रदीप यादव, सीलम त्यागी आदि रहे।

## पीड़ित द्वारा दबंग कं जमीन पर बरसों से कब्जा करने का आरोप

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) जिले के मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत किनौली में दबंग भू माफियाओं द्वारा दलित की जमीन पर बरसों से कब्जा किए जाने का मामला प्रकाश में आया है।पीड़ित दलित द्वारा का कहना है कि बार–बार प्रार्थना पत्र देने के उपरांत भी भू माफिया के दबाव में तहसील प्रशासन दलित को जमीन पर कब्जा दिलाने में नाकामयाब होता चला जा रहा है मिली जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत किनौली निवासी रामबरन यादव द्वारा गाटा संख्या 1263 का रकबा 42 ईयर मैं से 21 ईयर बैनामा लिया 21 ईयर पर रामकुमार अशोक कुमार पुत्र गढ़ ढूंढे के नाम बतौर जमीन संक्रमणीय भूमिधर के रूप में अभी भी दर्ज है परंतु रामबरन यादव की परिजनों द्वारा जमीन को जबरदस्ती कब्जा करके दुकान वह मकान बना लिया गया पीछे खाली जमीन पर कृषि कार्य किया जा रहा है अशोक कुमार ने बताया कि जमीन को बार–बार खाली करने को कहां जाता है परंतु रामबरन के परिजन कहते हैं जमीन खाली नहीं करेंगे क्योंकि हमारी सरकार आने वाली है सरकार आने के बाद निपट लेंगे हम उक्त लोगों से अशोक कुमार को पूरी तरीके से जान माल का खतरा उत्पन्न हो गया है वहीं आसपास के लोगों का कहना है कि सरकार नहीं है तो इस प्रकार अवैध कब्जा है और सरकार आएगी तो क्या करेंगे।

## क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान के लिए दि आयुष्मान फाउंडेशन ने निकाला मतदान जागरूकता पैदल मार्च

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) : दि आयुष्मान फाउंडेशन की टीम 27 फरवरी 2022 को पांचवें चरण में होने वाले मतदान के लिए सोहावल बाजार अयोध्या में सारदा नहर से सोहावल रेलवे क्रासिंग तक शतप्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता पैदल मार्च निकाल कर अपने मत का प्रयोग करने के लिए पत्रक बाट कर की लोगो से अपील की । ज्ञात हो कि विधानसभा चुनाव 2022 के शुरुवात होने के समय से ही दि आयुष्मान फाउंडेशन की टीम लगातार गांव–गांव व विद्यालयों में जा कर शतप्रतिशत के लिए अपील कर रही हैं। दि आयुष्मान फाउंडेशन के अध्यक्ष ने कहा कि सभी को अपने घरों से निकल कर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। जिससे शशक्त राष्ट्र और राज्य का निर्माण हो सके। इस मौके पर उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता, सुरेन्द्र कोरी, सतीश कौशल, श्रीचंद कौशल, दिलीप निगम, अमरजीत कोरी, अमरबहादुर कोरी, शुभम पटेल, लवी,अनिल रावत, रवि सिंह, अनुराग सिंह, अमित, विशाल, गोलू मोदनवाल, प्रदीप, सत्यप्रकाश गांधी,विशाल मिश्रा, आदित्य कोशल, जय प्रकाश चौहान, जतिन,हैप्पी सिंह मौजूद रहे।

## अयोध्या में बीजेपी पर बरसे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य और वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि दस मार्च के बाद भारतीय जनता पार्टी सरकार की विदाई तय है।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का नाम लिए बगैर कहा जबसे हम दो हमारे दो आएं हैं, अडानी और अम्बानी का खजाना भरा जा रहा है। अपने चुटीले अंदाज में भाषण के माहिर श्री तिवारी ने यहां तक कह डाला कि गोवंशों का चारा गोशालाओं में नहीं भाजपा के दलालों के पेट




में जा रहा है।इस मौके पर श्री तिवारी रूदौली विधान सभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी दयानन्द शुक्ला के समर्थन में बाबा बाजार के निकट चुनावी सभा को सम्बोधित कर रहे थे। बढ़ती हुई महंगाई पर भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि जब कांग्रेस के नेतृत्व में केंद्र में सरकार थी तो गैस सिलेंडर चार सौ रुपये में मिलता था।पेट्रोल का आधा डीजल का दाम था अब पेट्रोल और डीजल के दाम लगभग बराबर पर हैं। उन्होंने कहा प्रमोद जिस दिन भाजपा जाएगी, उसके दो महीनों के अंदर छुट्टा जानवरों की समस्या से किसानों को निजात मिल जायेगी।उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह के 12 वीं पास करके इंटर में जाने पर लैपटॉप देने वाले बयान की भी खिल्ली उड़ाई।उन्होने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर दस दिन के अंदर किसानों का कर्ज माफ कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा प्रियंका गांधी ने अपना फैसला सुनाने के लिये मुझे भेजा है इसलिए कांग्रेस प्रत्याशी को जिताएं। बोले आप लोग दयानंद दीजिए हमसे आनंद ही आनंद लीजिए। उन्होंने सपा को गुंडों की पार्टी बताया। बसपा को लेकर कहा मायावती को भाजपा का न्यौता मिल चुका है। कांग्रेस प्रत्याशी दयानन्द शुक्ला ने भी जनता से अपील की। सभा की अध्यक्षता महंत अमौनी सत्य भारती जी महाराज व संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष राम दास वर्मा ने किया।

## भाजपा सरकार में महिलाएं सुरक्षित – शिवेंद्र सिंह

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) भाजपा सरकार में ही महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुरक्षित है।प्रदेश की भाजपा सरकार ने गरीबों के उत्थान के लिए तमाम योजनाएं चलाकर अपना वादा पूरा किया है।उक्त बातें जिले के पूरा ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिवेंद्र सिंह ने अयोध्या विधानसभा के ग्राम लक्ष्मी दास पुर में आयोजित एक चौपाल मे व्यक्त किया।इसी कड़ी में भाजपा महिला मोर्चा की मंडल महामंत्री लक्ष्मी सिंह ने कहा कि बहन बेटियां निर्भीक होकर घर से बाहर निकलती हैं कोई डर नहीं है ऐसा भाजपा सरकार मे ही संभव हुआ है। चौपाल को गुजरात महिला मोर्चा महामंत्री बीना प्रजापति पूरा मंडल अध्यक्ष रूबी सिंह ने भी संबोधित किया। गुजरात से आई महिला मोर्चा की नेताओं ने अयोध्या विधानसभा क्षेत्र के शांतिपुर, देनू पांडे का पुरवा, लक्ष्मी दास पुर, कर्मा, कोड़री बाजार, लक्ष्मी दास पुर, पंडा का पुरवा, सराय चौमल, रामपुर सरधा सहित कई गांव में चौपाल लगाकर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी वेद प्रकाश गुप्ता को पुनः विधायक बनाने के लिए समर्थन मांगा कहा कि 27 फरवरी को सुबह ही पहले मतदान करें फिर अपने अन्य कार्यों पर ध्यान दें। चौपाल में सेजल जायसवाल, संध्या, रूबी वर्मा, कौशल्या पांडे, अनीता पांडे, फूल कुमारी, सीता, सरोज, राधा सहित भारी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

## लोक जनशक्ति पार्टी ने दिया सपा को समर्थन

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता)लोक जनशक्ति पार्टी ने आज विधानसभा चुनाव के अगले चरण में होने वाले मतदान के लिए समाजवादी पार्टी को समर्थन दिया है।इस संबंध में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया है कि लोक जनशक्ति पार्टी अयोध्या जिले की पांचों विधानसभा सीटों पर चुनाव नहीं लड़ रही है।इसलिए उसने अपना समर्थन समाजवादी पार्टी को दे दिया है। उन्होंने बताया कि लोक जनशक्ति पार्टी के समर्थन देने से समाजवादी पार्टी का वोट प्रतिशत अब और बढ़ जाएगा और जिले की पांचों सीटों पर समाजवादी पार्टी का परचम लहरायेगा। पार्टी प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि लोक जनशक्ति पार्टी के जिला अध्यक्ष शाहिद जमाल एडवोकेट एवं जिला प्रभारी चौधरी अरुण कुमार कोरी ने आज अपने पैड पर यह समर्थन पत्र समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में देकर चुनाव में हर संभव मदद करने की अपील की है।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।